फर्द अहकाम

गुरविन्दर कौर बनाम राजस्थान सरकार

पत्र संख्या: 337/2024 निर्णय

	आज्ञा विस्तृत रूप से	विशेष विवरण
024	तहसीलदार सांगानेर ने प्रार्थीगण द्वारा पेश प्रार्थना पत्र प्रार्थना पत्र बाबत नक्शा ट्रेस मे तरमीम किये जाने अन्तर्गत धारा 131, 111, 128 भू–राजस्व अधिनियम 1956 एवं उक्त प्रार्थना पत्र मे जवाब प्रस्तुत किया। प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया बहस प्रार्थीगण की प्रार्थना पत्र में सुनी गई। प्रार्थीगण ने प्रार्थना पत्र में वर्णित तथ्यों को दौहराया एवं अंत में निवेदन किया कि प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र स्वीकार फरमाया जाकर हाल खाता संख्या 4 के हाल खसरा न० 48 रकबा 0.54 है० वाके ग्राम सुखदेवपुरा उर्फ नाटाणीवाला तहसील सांगानेर जिला जयपुर मे प्रार्थीगण के 7/27 हिस्से की तरमीम विक्रय पत्र के साथ सलंग्न नक्शा जो कि विक्रय पत्र का अभिन्न भाग है जिसको नक्शाट्रेस मे भाग सख्या 3 व पिले रंग से दर्शाया गया है के अनुसार नक्शाट्रेस तरमीम किया जाकर अलग से खाता बनाये जाने के लिए अप्रार्थी को आदेशित किये जाने के आदेश फरमाने की कृपा करे। बहस प्रार्थी एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर प्रार्थी का प्रार्थना पत्र तहसीलदार रिपोर्ट के आधार पर स्वीकार किया जाकर तहसीलदार सांगानेर को वाके ग्राम सुखदेवपुरा उर्फ नाटाणीवाला तहसील सांगानेर जिला जयपुर में स्थित हाल खाता संख्या 4 के हाल खसरा न० 48 रकबा 0.54 है० मे प्रार्थीगण के 7/27 हिस्से की तरमीम विक्रय पत्र के साथ सलंग्न नक्शा जो कि विक्रय पत्र का अभिन्न भाग है जिसको नक्शाट्रेस मे भाग सख्या 3 व पिले रंग से दर्शाया गया है के अनुसार नक्शाट्रेस तरमीम किया जाकर अलग से खाता बनाये जाने के आदेश दिये जाते है। पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज नम्बर से कम हो। निर्णय आज दिनांक 17.10.2024 को सुनाया गया। उपखण्ड अधिकारी सांगानेर जयपुर (द्वितीय)	

Signature Not Verified
Digitally signed by Himmat Singh
Date: 2025.04.30 15:43:00 IST
Reason: SelfAttested